**Regarding need to set up an ESIC Hospital in Bhadohi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- laid**

**डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) :** मेरा लोकसभा क्षेत्र भदोही वैश्विक मानचित्र पर कालीन के निर्माण और निर्यात के लिए जाना जाता है । लाखों की संख्या में श्रमिक भदोही परिक्षेत्र में कालीन कारोबार से जुड़े हैं यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां प्रत्येक गांव में श्रमिक अपने घरों पर कालीन बुनाई एवं अन्य तरह का कार्य करते हैं साथ ही कालीन कंपनियों, फैक्ट्रियों में श्रमिकों के द्वारा काम किया जाता है । भदोही को विशिष्ट निर्यात क्षेत्र का दर्जा प्राप्त है । 15545 रजिस्टर्ड श्रमिक है जबकि 2 लाख से ज्यादा श्रमिक ऐसे हैं जो अपने घरों से कालीन बुनाई एवं अन्य तरह का कार्य करते हैं । श्रमिको की बड़ी संख्या को देखते हुए भदोही में ईएसआईसी अस्पताल निर्माण आवश्यक है । ईएसआईसी अस्पताल के निर्माण से लाखों श्रमिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा । श्रमिकों को इलाज के लिए ईएसआईसी अस्पताल से बड़ी सहूलियत मिलेगी । लाखों कामगारों का इलाज नि:शुल्क होने से उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आयेगा ।